“Adobe Digital Disha Program” Workshop organised by IBS-Aug 27, 2018

Dainik Jagran

इक्फाई यूनिवर्सिटी में दो दिन की डिजिटल वर्कशॉप

DEHRADUN (27 Aug.): इक्फाई यूनिवर्सिटी के इक्फाई बिजनेस स्कूल (आईबीएस) के स्टूडेंट्स और टीचर्स को डिजिटल स्किल सिखाने के लिए एडोब डिजिटल दिशा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया

गया. इक्फाई यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने स्टूडेंट्स और टीचर्स को डिजिटल लर्निंग के रचनात्मक पहलुओं की जानकारी दी. वर्कशॉप में डिजिटल प्रोफाइल, पोर्टफोलियो, रिज्यूमे, रिपोर्ट्स और वीडियोज आदि बनाने के बारे में बताया गया. डिजिटल ट्रेनर संदीप शर्मा, अक्षय शर्मा ने वर्तमान परिवेश में डिजिटल कौशल के महत्व को बेहद अहम् बताया. उन्होंने कहा कि आज रोजगार और उद्यमिता के लिए डिजिटल स्किल बेहद जरूरी है. आईबीएस के वर्कशॉप के दौरान डॉ. मुदु विनय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा व्यक्तित्व विकास व स्किल डेवलपमेंट के लिए नई जानकारियों को हासिल करते रहना चाहिए. वर्कशॉप के दौरान सर्वश्रेष्ठ परियोजना बनाने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित भी किया गया.

Dainik Jagran

छात्रों को नई तकनीक का ज्ञान होना जरूरी

संवाद सहयोगी, विकासनगर: सेलाकुई इक्फाई विश्व विद्यालय में सोमवार को एडोब डिजिटल दिशा प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय डिजिटल कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को नई तकनीक के आधार पर रचनात्मक प्रवृत्ति पैदा करने के गुर बताने के साथ ही कॅरियर के क्षेत्र में तकनीक के उपयोग की जानकारी मुहैया कराई गई। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्व विद्यालय के प्रति कुलपति मुद्दू विनय ने कहा कि नई तकनीक औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाकर जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके देश के मानव संसाधन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लिहाजा उच्च शिक्षा ले रहे प्रत्येक युवा को नई तकनीकों का ज्ञान होना जरूरी है। बताया कि तकनीकी शिक्षा युवाओं को व्यवसाय चलाना ही नहीं बल्कि उचित अनुसंधान के द्वारा उसका प्रभावी रूप से प्रबंधन करना भी सिखाती है।

Rashtriya Sahara

कार्यशाला में छात्रों को सिखाये डिजिटल दक्षता के गुर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

इक्फाई विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के आईबीएस, के छात्रों व शिक्षकों को डिजिटल कौशल के गुर सिखाये गये। विशेषज्ञों ने डिजिटल कौशल के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

दो दिवसीय कार्यशाला में डिजिटल के रचनात्मक पहलुओं पर चर्चा

एडोब डिजिटल दिशा कार्यक्रम के तहत आईबीएस द्वारा आयोजित कार्यशाला में छात्रों और शिक्षकों को डिजिटल लर्निंग के रचनात्मक पहलुओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही डिजिटल प्रोफाइल, पोर्टफोलियो, रिज्यूम, रिपोर्ट्स और वीडियोज आदि बनाने के टिप्स दिये गये। प्रशिक्षक संदीप शर्मा एवं अक्षय शर्मा ने वर्तमान परिवेश में डिजिटल कौशल को बेहद अहम् बताया। उन्होंने कहा कि रोजगार, उद्यमिता से लेकर तकरीबन हर क्षेत्र में डिजिटल दक्षता बेहद आवश्यक है। कार्यशाला में शिक्षकों को भी शिक्षण कार्य में डिजिटल उपकरणों का उपयोग एवं फायदों की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही शिक्षकों ने डिजिटल पाठ योजनाओं, व्याख्यान और संस्थानों के लिए नोटिस बनाने में डिजिटल उपकरणों के उपयोग समेत अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की।

आईबीएस [illegible] डा. मुदु विनय ने कहा कि व्यक्तित्व विकास व क्षमता निर्माण के लिए नवीन जानकारियों को हासिल करते रहना चाहिए। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यशाला के दौरान सर्वश्रेष्ठ परियोजना बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रोफेसर राघेंद्र शर्मा, डा. अमित जोशी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।